दैनिक भास्कर 17/02/2023

# आज शिक्षा केवल शब्दों का ज्ञान न रहकर व्यवहारिक स्तर पर कार्य कर रही : डॉ. दिनेश





## जीएमएन कॉलेज में 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। प्रबंधन समिति के प्रधान डॉ. गुरुदेव सिंह की अध्यक्षता, प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त तथा आईक्यूएसी की संयोजक डॉ. शिखा जग्गी के नेतृत्व में नैक बैंगलुरु के तत्वावधान में करवाई संगोष्ठी में प्रिंसिपल डॉ. दत्त ने बताया कि हमारा लक्ष्य कॉलेज को सीजीपीए 3.56 से 3.76 को प्राप्त हो। संयोजिका डॉ. शिखा जग्गी ने 2 दिवसीय संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता बल्लभगढ़ के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत ने वर्तमान समय में उद्घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में कार्यशैली स्वरूप व परिणामों पर सार्थक उदाहरणों से प्रस्तुति प्रस्तुत की। मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग व तकनीकी संकाय के डीन डॉ. अनिल कुमार वोहरा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को व्यवहारिक रूप से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटेग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीस में शुरू किया गया। दूसरे तकनीकी सत्र में संसाधन व्यक्ति डॉ. दिनेश कुमार निदेशक आईक्यूएसी केयू ने कहा कि आज शिक्षा केवल शब्दों का ज्ञान ना रहकर एक व्यवहारिक स्तर पर कार्य कर रही है जो व्यक्ति के व्यवहार, आचरण और कार्यशैली को प्रभावित कर रहा है। संसाधन व्यक्तित्व डॉ. प्रिया नारायण सहायक सलाहकार नैक बैंगलुरु ने बताया कि शिक्षा के स्वरूप और प्रकृति में परिवर्तन की नितांत आवश्यकता थी, इसलिए सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उद्घोषित की। संगोष्ठी में डॉ. ज्योति, डॉ. अमिता, डॉ. अनुपमा सिहाग ने मंच संचालन किया।

मौके पर एकेडमिक अफेयर्स निदेशक डॉ. वीके जैन तथा संगोष्ठी संयोजक समिति के सदस्य डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. रवनीत कौर, श्याम रहेजा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. एस के पांडे, डॉ. मीनू राठी, डॉ. तृप्ति शर्मा, डॉ. चंद्रपाल पूनिया मौजूद थे।